# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड,कार्यालय उत्तरप्रदेश जलनिगम, भदोही–221304

**E-Mail Id-***eeupjnsrn@gmail.com* ***CUG Mobile No.***- +91 9473942678


पत्रांक 2176 / कार्य - 65 / 18 दिनांक– 21.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम,
6–राणा प्रताप मार्ग
लखनऊ।

**विषय :–** **हिन्दुस्तान के न्यूज ई0–पेपर मे दिनांक 21.05.2026 मे प्रकाशित जनपद भदोही के "जल जीवन मिशन नलकूप का केबल काट ले गये चोर "के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **हिन्दुस्तान** के न्यूज ई0–पेपर मे दिनांक 21.05.2026 मे प्रकाशित जनपद भदोही के **"जल जीवन मिशन नलकूप का केबल काट ले गये चोर "के सम्बन्ध मे** सादर अवगत कराना है कि सामाचार में प्रकाशित खबर विकास खण्ड भदोही के ग्राम पंचायत चौरी पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, सोलर पैनल, बाउण्ड्रीवाल, पाइप लाइन 13.37 कि0मी0 एवं गृह जल संयोजन 584 नग का कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है। गृह जल संयोजन 560 नग एवं पाइप लाइन 13.37 कि0मी0 पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य प्रगति पर हैं।नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति करायी जा रही हैं।

उक्त के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण मे जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय से व्यक्तिगत सम्पर्क कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आग्रह किया गया हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही हेतु कडे निर्देश दिये गये। सम्बन्धित फर्म को केबल लगाकर योजना से नियमित जलापूर्ति कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक :–** **उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

Digitally signed by
RAJBALI
Date: 21-05-2026
14:29:56

**(राजबली)**
**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (वा0क्षे0 ), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) वाराणसी ।
2. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज , भदोही।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

hi हिन्दुस्तान Thu, May 21, 2026 फोटो फोटो वीडियो वीडियो शहर चुनें epaper ई-पेपर साइन इन यहाँ लिखें

होम राज्य देश IPL 2026 लाइव स्कोर VOICE OF UP मनोरंजन बिजनेस करियर विदेश धर्म काम की खब

## फोटो गैलरी


कोई पंजाब की सुंदरी तो कोई जयपुर की शान, मिलिए नागिन शो की उन एक्ट्रेसेस से जिन्होंने टीवी पर मचाया घमासान


Premanand Maharaj: इन 7 लोगों की पुकार जल्दी सुनते हैं भगवान, क्या आप हैं लिस्ट में?


Numerology: इस मूलांक की लड़कियां होती हैं कॉन्फिडेंट, रिस्क लेने से नहीं लगता है डर


MI के जबड़े से जीत छीनकर KKR के प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने वाले 5 प्लेयर कौन-कौन? विराट कोहली का साथी बना हीरो



KKR के खिलाफ मैच मे मुंबई इंडियंस का सूपड़ा साफ कराने वाले 5 खिलाड़ी कौन? देखते रहे हार्दिक पांड्या और लुट गया साम्राज्य

# जल जीवन मिशन नलकूप का केबल काट ले गए चोर

May 21, 2026 01:03 am IST
**Newswrap हिन्दुस्तान**, भदोही

Preferred

Bhadoni News - जल जीवन मिशन नलकूप का केबल काट ले गए चोर जल जीवन मिशन नलकूप का केबल काट ले गए चोर जल जीवन मिशन नलकूप का केबल काट ले ग...




चौरी, हिन्दुस्तान संवाद। जल जीवन मिशन योजना के तहत बने नलकूपों पर चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। क्षेत्र के दानूपट्टी गांव में चोरों ने नलकूप का ताला तोड़कर केबल काट लिया और ले गए। केबल कट जाने से पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। प्रचंड गर्मी में आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि चौरी खास ग्रामसभा के ब्रह्मस्रश्रम आहोपुर मार्ग के किनारे जल जीवन मिशन के तहत नलकूप स्थापित है, जबकि टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब एक माह पहले चोर सोलर केबल काटकर ले गए थे, जिससे नलकूप बंद हो गया था।

Story continues below advertisement

विज्ञापन

## जरूर पढ़ें

विज्ञापन

## वायरल खबरें

## चोरी की पुनरावृत्ति

इसके बाद तीन दिन पहले नया केबल लगाया गया और पानी की आपूर्ति फिर से शुरू हुई थी, लेकिन दो दिन बाद ही तीसरी रात चोरों ने फिर घटना को अंजाम दे दिया। मंगलवार रात चोर नलकूप का ताला तोड़कर करीब पांच मीटर केबल काटकर ले गए।

## ग्रामीणों की समस्या

गार्ड रौशिलाकान्त दुबे ने बताया कि एक माह के भीतर यह दूसरी चोरी की घटना है। ग्राम प्रधान साबिया महबूब ने कहा कि कई दिनों तक ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे थे, किसी तरह आपूर्ति शुरू होने पर राहत मिली थी, लेकिन फिर से केबल चोरी होने से गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**नलकूप पर चोरी की घटनाएं कब से बढ़ रही हैं?** –

जल जीवन मिशन योजना के तहत बने नलकूपों पर चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

**ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति में क्या समस्या आ रही है?** +

**साबिया महबूब ने क्या कहा?** +

लेखक के बारे में
**Hindustan**

हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की है। ...और पढ़ें

Jal Jeevan Mission | Crime N | लेटेस्ट Hindi News, बॉलीवुड न्यूज, बिजनेस

**You May Like**

**Indians over 70 are switching from hearing aids to this new device.**
Recommended by audiologist
Hearing Aids
Learn More

**Indians over 65 are switching from hearing aids to this new device.**
Recommended by audiologist
Hearing Aids
Learn More

**'काबा-मदीना' वाली सायोनी घोष का सिर कलम करने पर एक करोड़ का इनाम, बोलीं- यह सुनकर मैं...**